Seventeenth Loksabha

an>

Title : Regarding problems on National and State Highways due to Bharat Jodo Yatra

श्रीमती जसकौर मीना (दौसा) : सभापति जी, बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं एक ऐसे अति महत्वपूर्ण और वर्तमान में चल रहे किसानों के प्रति अन्याय को दिखाना चाहती हूं। भारत जोड़ो यात्रा के अंतर्गत राजस्थान के तीन जिलों, जहां 23 लाख पौधे अमरूद का फल देते हैं। यहां उनकी तीन हजार गाड़िया आती हैं। नेशनल हाइवे बंद कर दिए और स्टेट हाइवे बंद कर दिए हैं। ऐसी परिस्थिति में किसान अपने फलों को रास्ते में ही पटक रहे हैं और किसान बर्बादी की कगार पर हैं।

मेरा आपसे अनुरोध है कि नेशनल हाइवे तथा हाइवे बंद नहीं होने चाहिए और न ही राजस्थान की सरकार ने वहां कोई प्रोसेसिंग यूनिट स्टार्ट किया है, ताकि वे अपने पके हुए फल को वहां दे सकें। मैं आपके माध्यम से यह कहूंगी कि भारत जोड़ो यात्रा, जोड़ो यात्रा नहीं भारत के किसानों को तोड़ने की यात्रा चालू हो रही है। इसमें राजस्थान की सरकार का पूरा-पूरा हाथ है। वहां पर रंगा रंग कार्यक्रम करते हैं, लेकिन उधर किसान बर्बाद हो रहे हैं।